# PAPER TERM - 2
## CLASS - +2
## SUBJECT - HINDI

**Time : 3 hours** **M.M. : 50**

**विशेष निर्देश:-**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।**
2. **प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।**
3. **प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।**
4. **उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अपना नाम, कक्षा, अनुक्रमांक, विषय, तिथि कुल पृष्ठ अंकित करें। प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या अवश्य लिखें।**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

भारतीय संस्कृति अनेकता में एकता खोजती है। भारत के दार्शनिक अति प्राचीन काल से ही संसार व प्रकृति की अनेकता में एकता की तलाश करते है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी भारतीय विचारकों ने इसी एकता की खोज की है। इसलिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक यह विशाल देश सब प्रकार की भौगोलिक अनेकताओं के होते हुए भी एक देश माना जाता है। सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न जातियो और वर्णो के होते हुए भी भारत में विश्व-बन्धुता, उदारता के विचार उत्पन्न करते है। राजनीतिक क्षेत्र में भारत वर्ष नाम ही देश की एकता का साक्षी है। अत: कहा जा सकता है कि संसार भर में भारत अपने ढंग का निराला देश है।

1. भारतीय संस्कृति की विशेषता क्या है?
   (क) अनेकता में एकता
   (ख) धार्मिक श्रेष्ठता
   (ग) अन्य सांस्कृतियों के समान
   (घ) अन्य से कमजोर
2. भारतीय विचारको ने एकता की खोज किन क्षेत्रों में की है?
   (क) राजनीतिक व सामाजिक
   (ख) भौगोलिक
   (ग) सभी में
   (घ) आध्यात्मिक
3. 'भारत वर्ष' नाम किस तरह की एकता का सूचक है?
   (क) सामाजिक एकता (ख) अनेकता में एकता
   (ग) भौगोलिक एकता (घ) उपरोक्त सभी
4. उचित शीर्षक दीजिए।
   (क) भौगोलिक एकता और भारत
   (ख) राजनीतिक एकता और भारत
   (ग) सामाजिक एकता
   (घ) अनेकता में एकता का प्रतीक भारत

**1+1+1+1=4**

**2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:-**

जब भी
भूख से लडने
कोई खड़ा हो जाता है
सुन्दर दिखने लगता है।
झपटता बाज़,
फन उठाए साँप
दो पैरों पर खडी
काँटों से नन्हीं पत्तियाँ खाती बकरी,
दबे पाँव झाडियों में चलता चीता,
डाल पर उल्टा लटक
या इन सबकी जगह आदमी होता।

1. कवि को कैसे प्राणी अच्छे लगते है?
   (क) सुस्त, अपने मे लीन (ख) संघर्षशील
   (ग) पीड़ा से कराहते (घ) हंसते, मुस्कराते
2. 'दबे पांव झाड़ियों में चलता चीता' क्या करने वाला है?
   (क) डर कर भागेगा
   (ख) सावधानी से शिकार पर आक्रमण करेगा
   (ग) झाडियों मे छुप कर बैठेगा
   (घ) अपने शावकों से आँख मिचौली खेलेगा
3. 'डालपर उलटा लटका/फलक कुतरता तोता' किसका प्रतीक है?
   (क) भूख से लडने का (ख) करतब दिखाने का
   (ग) नटखट होने का (घ) क्रीडा करने का
4. पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए:-
   (क) भूख के विरुद्ध (ख) संघर्षमय जीवन
   (ग) जिजीविषा (घ) संघर्षशील

**1+1+1+1=4**

**3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए:-**

(क) आधुनिक भारत की ज्वलन्त समस्याएं
(ख) पर्यावरण प्रदूषण
(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य
(घ) जहाँ सुमति वहाँ सम्पति नाना
(ङ) परोपकार। 3

**4.** अपने छोटे भाई को पत्र लिखें जिसमें उसे परिश्रम, योग व व्यायाम का महत्व बताया गया है। 3

अथवा

अपने ज़िले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिए जिसमें दिन ढलते ही शहर में बढती गुण्डा-गर्दी पर अंकुश लगाने की प्रार्थना की गई हो।

**5. उचित विकल्प चुनेः-**

1. निम्नलिखित में से विशेष लेखक का क्षेत्र कौन सा नहीं है?
   (क) सिनेमा (ख) मनोरंजन
   (ग) स्वास्थ्य (घ) समाचार
2. नाटक लिखते समय नाटककार को नाटक की एक मूल विशेषता को हमेशा याद रखना होता है, उसे क्या कहते है?
   (क) शब्द (ख) समय का बंधन
   (ग) कथ्य (घ) इनमें से कोई नहीं
3. विशेष लेखन कहलाता है?
   (क) सामान्य लेखन से हटकर किसी विशेष विषय पर किया गया लेखन
   (ख) किसी विषय पर किया गया रचनात्मक लेखन
   (ग) किसी विषय पर किया गया क्रियात्मक लेखन
   (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. नाटक के तत्वों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

कहानी की परिभाषा लिखिए। **1+1+1=3**

**7. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः-**

जब हम सत्य को पुकारते हैं
तो वह हमसे परे हटता जाता है
जैसे गुहारते हुए युधिष्ठिर के सामने से
भागे थे विदुर और भी घने जंगलों में
सत्य शायद जानना चाहता है
कि उसके पीछे हम कितनी दूर तक भटक सकते हैं

अथवा

सिंधु तरयो उनको बनरा तुम पै धनुरेख गई न तरी।
बाँधोई बाँधत सो न बन्यो उन वारिधि बाँधिकै बाट करी।
श्री रघुनाथ प्रताप की बात तुम्हें दसकंठ न जानि परी।।
तेलनि तूलीन पूँछि जरी नजरी, जरी लंक जराई जरी।। 3

**8. निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः-**

1. वनारस की पूर्णता और रिक्तता को कवि ने किस प्रकार दिखाया है?
2. पत्थर और चट्टान शब्द किसके प्रतीक है?
3. प्रियतमा के दुःख के क्या कारण है?
4. कवि ने किस प्रकार की पुकार से 'कान खोलि' है की बात कही है? **2+2=4**

**9. निम्नलिखित पद्यांश के सही विकल्प चुनेंः-**

1. केदारनाथ सिंह का जन्म कब और कहाँ हुआ?
   (क) 1934, बलिया जिले में (ख) 1936, काशी में
   (ग) 1938, इन्दौर में (घ) इनमें से कोई भी नहीं
2. घनानंद की प्रमुख रचनाएं कौन सी है।
   (क) प्रेम सरोवर (ख) प्रीती पावस
   (ग) गोकुल गीत (घ) उर्पयुक्त सभी है

3. फिन लैण्ड ने ''नाइट आफ दि आर्डर आफ दि व्हाइटरोज'' राष्ट्रीय सम्मान किस कवि को दिया था?

    (क) विष्णु खरे    (ख) केदार नाथ

    (ग) रघुवीर सहाय    (घ) विद्यापति    **1+1+1=3**

**10. सही विकल्प चुनें:-** **1+1=2**

1. बडे बडे पियराए पत्त में बड़े बड़े शब्द में कौन सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?

    (क) अनुप्रास अलंकार (ख) उपमा अलंकार

    (ग) पुनरुक्ति अलंकार

    (घ) पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार

2. 'सखि हे, कि पुछसि अनुभव मोए' पंक्ति की काव्य भाषा क्या है?

    (क) मैथिली भाषा    (ख) अवधि भाषा

    (ग) ब्रज भाषा    (घ) खडी बोली हिन्दी

**11. निम्नलिखित में से किसी एक कवि की रचनाएं लिखिए:-**

केदार नाथ सिंह, विद्यापति। 2

**12. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:3**

(क) विकास का यह 'उजला' पहलू अपने पीछे कितने व्यापक पैमाने पर विनाश का अंधेरा लेकर आया था, हम उसका छोटा-सा जायज़ा लेने दिल्ली से स्थित 'लोकायन' संस्था की ओर से सिंगरौली गए थे। सिंगरौली जाने से पहले मेरे मन में इस तरह का कोई सुखद भ्रम नहीं था कि औद्योगीकरण का चक्का, जो स्वतन्त्रता बाद चलाया गया, उसे रोका जा सकता है। शायद पैंतीस वर्ष पहले हम कोई दूसरा विकल्प चुन सकते थे, जिस में मानव सुख की कसौटी भौतिक लिप्सा न होकर जीवन की जरुरतों द्वारा निर्धारित होती है।

(ख) आरती से पहले स्नान। हर-हर बहता गंगाजल, निर्मल, नीला, निष्पाप। औरतें डुबकी लगा रही हैं। बस उन्होंने तट पर लगे कुडो से बंधी जंजीरें पकड रखी हैं। पास ही कोई न कोई पंडा जजमानोंके कपडों-लत्तों की सुरक्षा कर रहा है। हर एक के पास चंदन और सिंदूर की कटोरी है। मर्दों के माथे पर चंदन तिलक और औरतों के माथे पर सिंदूर का टीका लगा देते है पंडे। कहीं कोई दादी-बाबा पहला पोता होने की खुशी में आरती करवा रहे हैं। कोई नई बहू आने की खुशी में। अभी पूरा अन्धेरा नही हुआ। गोधूलि बेला है।

**13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

1. लोमडी स्वेच्छा से शेर के मुँह में क्यों जा रही थी?
2. 'मानव सम्बन्धों से परे साहित्य नहीं है' कथन की समीक्षा कीजिए।
3. उस छोटी सी मुलाकात से सम्भव के मन में क्या हलचल उत्पन्न कर दी, इसका सूक्ष्म विवेचन कीजिए।
4. कुटज हस सभी को क्या उपदेश देता है? **2+2=4**

**14. उचित विकल्प चुनें:-** **1+1=2**

1. 'यथास्मै रोचते विश्वम्' प्रसिद्ध साहित्यिक निबन्ध के रचनाकार कौन है?

    (क) राम चन्द्र शुक्ल    (ख) राम विलास शर्मा

    (ग) ममता कालिया    (घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

2. 'हजारी प्रसाद द्विवेदी' का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
   (क) 1907, बलिया उत्तर प्रदेश में
   (ख) 1917, लखनऊ में
   (ग) 1927, आगरा में
   (घ) 1937, वनारस में

**15. निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय लिखिए:-**

असगर वजाहत, ममता कालिया। 2

**16. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए:- 3**

1. लेखक विसनाथ ने किन आधारों पर अपनी माँ की तुलना बतख से की है?
2. ऐसी कौन सी स्मृति है जिसके साथ लेखक को मृत्यु का बोध अजीब तौर से जुडा मिलता है?

17. मालवा मे जब सब जगह बरसात की झड़ी रहती है तब के जन जीवन पर इसका क्या असर पडता है?

अथवा

मालवा में विक्रयादित्य और भौज और मुंज 'रेनेसां' से बहुत पहले हो गए थे। पानी के रख-रखाव के लिए उन्होंने क्या उपाय किए?

3